संक्षिप्त

तहसील प्रभारी नियुक्त

राजसमंद। संगठन को मूजबूती प्रदान करने एवं नये सदस्य बनाने जाने के लिए सदस्यता अभियान को लेकर शिवदल जिला प्रमुख हेमंत गुर्जर ने तहसील प्रभारियों को नियुक्त किया है। जिसमें राजसमंद के लिए संदेश पगारिया, नाथद्वारा के लिए युधिष्ठिर बोहरा, आमेट के लिए रतन लक्षकार, रेलमगरा के लिए तुलसीराम कुमावत, खमनोर के लिए पुरुषोत्तम श्रीमाली, कुंभलगढ के लिए भैरूलाल कुमावत को तहसील प्रभारी नियुक्त कर कार्यकारिणी बनाने के निर्देश दिए है। साथ ही जिला प्रवक्ता के लिए रतन लक्षकार को मनोनित किया गया।

मुख्य सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समय में परिवर्तन

डूंगरपुर। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग 14 मई को प्रात: 11 बजे के स्थान पर आंशिक संशोधन कर समय में परिवर्तन कर अब दोपहर 12 बजे जिला कलेक्टर वीसी कक्ष (डीओआईटी) द्वारा आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजीव द्विवेदी ने दी।

समीक्षा बैठक स्थगित

डूंगरपुर। महात्मा गांधी नरेगा योजना आवास योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक 16 मई को प्रात: 11 बजे जिला कलेक टर की अध्यक्षता में आयोजित की जानी थी। उक्त बैठक किन्ही अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है।

NAME CHANGE

I HAVE CHANGED MY NAME FROM MUNEERA TO MUNEERA GORANA WALA. IN FUTURE TO BE KNOWN BY NEW NAME. R/O 22, IBRAHIMPURA, LUKMAN MARG , NEAR BADA BHOIWADA, BOHRAWADI UDAIPUR.

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत, उदयपुर

क्रमांक:-202 दिनांक:-13.3.2022

जाहिर आम सूचना

श्री मांगी लाल, बन्शीलाल पिता स्व.श्री भैरूलाल मेनारिया निवासी पानेरियों की मादड़ी, उदयपुर को उनके स्वामित्व की भूमि समर्पण के बदले मण्डल द्वारा विकसित आवासीय भूखण्ड संख्या 1-एफ-3 क्षेत्रफल 996.40 वर्ग मी. (10725.16 वर्ग मी.) आवंटित किया गया था। श्री मांगी लाल, बन्शीलाल पिता स्व.श्री भैरूलाल मेनारिया ने अपने पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उपरोक्त भूखण्ड का विभाजन पांच हिस्से में कर प्रत्येक हिस्से को निम्नानुसार विभाजन करने हेतु आवेदन किया है।

1.प्लाट नं.1-एफ-3, क्षैत्रफल 6030.52 वर्ग फिट मांगीलाल, बन्सीलाल पिता स्व.श्री भैरूलाल मेनारिया पानेरियों की मादड़ी, उदयपुर।

2.प्लाट नं.1-एफ-3 (ए), क्षैत्रफल 1173.66 वर्ग फिट श्रीमती दिपीका पत्नि धर्मेन्द्र मेनारिया पानेरियों की मादड़ी, उदयपुर।

3.प्लाट नं.1-एफ-3 (बी), क्षैत्रफल 1173.66 वर्ग फिट श्रीमती गायत्री पत्नि औंकार मेनारिया पानेरियों की मादड़ी, उदयपुर।

4.प्लाट नं.1-एफ-3सी, क्षैत्रफल 1173.66 वर्ग फिट सुश्री दीक्षा पुत्री चन्द्रप्रकाश मेनारिया संरक्षक श्री चन्द्रप्रकाश मेनारिया पिता स्व.श्री शिवशंकर मेनारिया पानेरियों की मादड़ी, उदयपुर।

5.प्लाट नं.1-एफ-3 (डी), क्षैत्रफल 1173.66 वर्ग फिट सुश्री गार्गी पुत्री चन्द्रप्रकाश मेनारिया संरक्षक श्री चन्द्रप्रकाश मेनारिया पिता स्व.श्री शिवशंकर मेनारिया पानेरियों की मादड़ी, उदयपुर।

अगर उपरोक्त विभाजन से किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो दस दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा उपरोक्तानुसार उपविभाजन की कार्यवाही सम्पादित करने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, उदयपुर वृत, उदयपुर

दो वर्ष बाद नृसिंह चतुर्दशी पर निकलेगी राजशाही ठाठ से रथयात्रा

- नृसिंह चतुर्दशी पर मेवाड क्षेत्र में केवल भीण्डर नगर में होता है आयोजन

भीण्डर, (निसं)। नृसिंह चतुर्दशी के अवसर पर शनिवार को भीण्डर क्षेत्र के आराध्यदेव नृसिंह भगवान की राजशाही ठाठ से भव्य रथयात्रा निकाली जायेगी।

कोरोना माहमारी की वजह से पिछले दो वर्षों से नहीं निकल रही रथयात्रा की इस वर्ष भव्य तैयारियां चल रही है। शनिवार को चौबीसा समाज भीण्डर के तत्वावधान में नृसिंह भगवान रजत पालकी सिंहासन पर बैठकर शाही ठाठ के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। सुबह 9 बजे से सनातन धर्मोत्सव सेवा समिति की ओर से मंदिर प्रांगण पर पंडितो द्वारा भगवान के रुद्राभिषेक का पाठ होगा। वहीं शाम को चार बजे से भगवान की विशाल रथयात्रा निकलेगी, जिसमें समाज के छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं पुरूष, स्त्रियां और बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा में डीजे और बैंड बाजो की धुन में नाचते गाते थिरकते निकलेंगे, जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होंगे। रथयात्रा रावलीपोल, सदर बाजार, मोचीवाडा, हींता गेट, बाहर का शहर, रामपोल बस स्टेण्ड, हॉस्पीटल रोड, सुरजपोल चौपाटी से होते हुए रघुनाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां रास्ते भर में जगह-जगह धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। रघुनाथ मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर वहाँ हिरणकश्यप के नाट्य का मंचन होगा। भगवान नृसिंह भगवान का प्राकट्योत्सव होगा। रथयात्रा पुन: निज मंदिर मे पहुँचेगी जहां पर 108 दीपकों से महाआरती का आयोजन होगा। वहीं नृसिंह चतुर्दशी महोत्सव के तहत पिछले चार दिवसीय कार्यक्रम जारी है शुक्रवार को भक्त प्रहलाद धर्मजागरण सेवा समिति सुंदरकाण्ड मंडल की और से अखण्ड रामायण पाठ की हवन पूर्णाहुति हुई। रात्री को संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। भक्त प्रहलाद धर्म जागरण सेवा समिति सुंदरकांड मंडल द्वारा हवन किया गया जिसमें मुख्य यजमान ओम चौबीसा एवं समस्त मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा हवन में आहुतियां दी गई एवं पंडित गजेंद्र चौबीसा द्वारा हवन करवाया गया।

भीण्डर के नृसिंह भगवान की श्रृंगारित प्रतिमा।

राहुल गांधी ने ट्रेन से ही अभिनंदन स्वीकार किया

कपासन, (निसं)। राहुल गांधी उदयपुर में कांग्रेस चिंतन शिविर में शामिल होने दिल्ली से कपासन रेलवे स्टेशन मार्ग पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने नारेबाजी की आवाज सुनकर कोच के दरवाजे पर राहुल गांधी कुछ पल के लिए बाहर आकर हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार किया हालांकि राहुल गांधी रेलवे स्टेशन कपासन पर नहीं उतरे।

शुक्रवार को राहुल गांधी दिल्ली से ट्रेन द्वारा उदयपुर में कांग्रेस चिंतन शिविर में शामिल होने के जाते समय कपासन स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिया कार्यकर्ताओं की आवाज सुनकर कुछ पल के लिए कोच के दरवाजे पर आकर हाथ हिलाकर अभिनंदन स्वीकार किया। इस अवसर प्रधान भेरूलाल चौधरी ने मेवाड़ी पगड़ी और महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के शंकर लाल प्रजापत ने उपरना देकर व राजीव सोनी आदि ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व प्रधान ओम प्रकाश व्यास सरपंच दिनेश खटीक पूर्व सरपंच बालूराम चित्तौड़िया श्यामसुंदर सोमानी भेरुलाल बारेगामा अशफाक तुरकिया अली गुड्डू खान सहित आदि उपस्थित थे।

कारागृह में लगाया विधिक चेतना शिविर

बांसवाडा। डॉ नागेन्द्र सिंह विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला कारागृह में विधिक चेतना एवं जागरूकता शिविर लगाया। भारतीय विद्या मंदिर संस्थान सचिव शांतिलाल सेठ ने बताया कि मुख्य जेल प्रहरी जगदीश मीणा के निर्देशन में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने जेल की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। डॉ. ओम प्रकाश ने विधिक सहायता शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय में स्थापित विधिक सहायता सेल की जानकारी दी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनीरका
नई दिल्ली-110067

नं. B.12028/7/2019-Admn.II (CHI)

रिक्ति सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एनआईएचएफ डब्ल्यू) शिक्षा एवं प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं मूल्यांकन, विशिष्ट सेवाओं, कंसलटेंसी तथा एडवाइजरी सेवा के द्वारा देशभर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों को प्रोमोट करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निधि प्राप्त एक स्वायत्त/सर्वोच्च तकनीकी संस्थान है। इस संस्थान को एमओएचएफडब्ल्यू, जीओआई द्वारा राष्ट्रीय हेल्थ पोर्टल (एनएचपी) हेतु सेंटर फॉर हेल्थ इन्फार्मेटिक्स के अंतर्गत देश में सभी गतिविधियों के समन्वयन हेतु बतौर नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है।

राष्ट्रीय हेल्थ पोर्टल के पायलट प्रोजेक्ट हेतु निम्न पदों को **प्रतिनियुक्ति आधार** पर भरा जाना प्रस्तावित है।

क्रम सं.	पदनाम	पद की सं.	पे लेवल
1.	अतिरिक्त निदेशक (तकनीकी)	1	पे मैट्रिक्स में लेवल-13
2.	उपनिदेशक (तकनीकी)	1	पे मैट्रिक्स में लेवल-11

आवेदन प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि : 02/06/2022 है।

इस विज्ञापन के हिन्दी संस्करण सहित विस्तृत जानकारी हेतु कृपया संस्थान की वेबसाईट ''www.nihfw.org'' या एमओएचएफडब्ल्यू की वेबसाईट ''www.mohfw.gov.in'' एमईआईटीवाई वेबसाईट और एनआईसी वेबसाईट पर जाएं।

DAVP 17153/12/0001/2223 निदेशक

शिविर के बैनर का किया विमोचन

बांसवाडा। विप्र वाहिनी, विप्र युवा प्रकोष्ठ, विप्र फाउंडेशन बांसवाडा व बडोदिया इकाई के तत्वावधान में दृष्टि नेत्रालय दाहोद के सहयोग से कल रविवार को आयोजित होने वाले आंखों के नि:शुल्क परीक्षण व ऑपरेशन शिविर के बैनर का विमोचन किया गया। विप्र वाहिनी प्रदेश महामंत्री डॉ. विकास भट्ट ने बताया की भारत में आंखों के उपचार का उच्चतम व अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शोध व प्रशिक्षण केंद्र दृष्टि नेत्रालय हॉस्पिटल दाहोद द्वारा निरूशुल्क नेत्र परीक्षण व ऑपरेशन शिविर रविवार को विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय बडोदिया में प्रात: 9 से दोपहर 2 बजे तक लगाया जायेगा। शिविर में मोतियाबिंद, कालापानी, तिरछी आंख, भेंगापन आदि इलाज कर नि:शुल्क दवाइयां दी जाएंगी।

जिला प्रभारी व सहकारिता मंत्री आंजना ने ली समीक्षा बैठक

राजसमंद, (निसं)। अधिकारी आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से निस्तारण व पूरा कर राहत प्रदान करें और बकाया कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें।

यह निर्देश जिला प्रभारी मंत्री आंजना शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशीप योजनाओं की समीक्षा बैठक लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभांवित कराएं। प्रभारी मंत्री ने बारी-बारी से विभिन्न विभागों के कार्य योजनाओं की प्रगति व बकाया कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सा विभाग की सरकार की सभी योजनाओं, रसद विभाग की एनएफएस सहित खाद्यान्न वितरण, शिक्षा विभाग, नगर परिषद, पेयजल की स्थिति, वितरण, महिला बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजना, पालनहार योजना, उद्योग केन्द्र की मुख्यमंत्री लघु प्रोत्साहन योजना, कृषि विभाग व अन्य विभाग की योजनाओं की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में भीम विधायक सुदर्शनसिंह रावत ने विभिन्न बिन्दुओं जिनमें पानी, बिजली, कृषि, स्कूल शिक्षा व अन्य सभी विभागों से जिले और उनके क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर चर्चा की और कहा कि हमारा प्रयास हो कि आमजन को किसी भी प्रकार से कोई समस्या ना हो और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभांवित करें।

46 ई-मित्र कियोस्क धारकों को दिये नोटिस

बांसवाडा। 131 ई-मित्र कियोस्क का औचक निरीक्षण किया गया। इसमें से 46 ई-मित्र कियोस्कों पर रेट लिस्ट, को ब्राण्डेड बैनर नहीं पाये गये जिनका राधारा एप में रेट लिस्ट को-ब्राण्डेड बैनर उपलब्धता को नहीं मार्क किया गया एवं संबंधित कियोस्क धारक को निरीक्षणकर्ता द्वारा नोटिस देकर 3 दिवस में रेट लिस्ट चस्पा करने के लिए पाबंद किया। 11 ई-मित्र कियोस्क नागरिकों से राज्य स्तर से निर्धारित दर सूची से ज्यादा राशि लेते पाये गये जिनका नियमानुसार ऑवर चार्जिग की शास्ति एक हजार एवं सात दिवस के लिए कियोस्क आईडी सस्पेंण्ड करने के आदेश जिला ई-मित्र सोसायटी एसीपी उपनिदेशक पदेन सचिव द्वारा जारी किये गये।

राजस्थान सरकार

कार्यालय चिकित्सा अधिकारी प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्यारी

राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी कोल्यारी
ब्लॉक-झाड़ोल (फ.), उदयपुर
Email:phc_kolyari@Yahoo.com

क्रमांक:लेखा/खुली निविदा/2022-23/37 दिनांक:- 13/05/2022

खुली निविदा सूचना

इस कार्यालय के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन हेतु जॉब बेसिस एवं संवेदक के माध्यम से सेवाओं के लिए उपापन हेतु मोहर बंद निविदाए आमंत्रित की जानी है इच्छुक व्यक्ति/फर्म निर्धारित शुल्क में निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में दिनांक 13.05.2022 को प्रात 10.00 बजे से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.05.2022 को अपरान्त 1.00 बजे तक जमा की जावेगी तथा दिनांक 23.05.2022 को अपरान्त 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष समिति द्वारा खोली जावेगी।

क्र.स.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	5 % धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1	जननी सुरक्षा योजना अर्न्तगत प्रसुताओं को नि:शुल्क भोजन (कलेवा)	1,05,000/-	बोली प्रतिभूति वित्त विभाग के आदेश एफ 2 (1) वित्त/जीएण्डटी एसपीए, फसी/2017 जयपुर दिनांक 23.12. 2020 के क्रम 50/- रूपये के स्टाम्प पर घोषणा पत्र।	200/-
2	24X7 सफाई व्यवस्था	1,80,000/-		200/-
3	मेन विद मशीन/लैब क्लीनर	2,06,206/-		200/-

शर्ते:-अन्य शर्ते एवं विस्तृत जानकारी निविदा फर्म के अथवा कार्यालय समय में जाकर देखी जा सकती है।

1. कार्य की अवधि 31.03.2023 के लिए होगी। किन्तु विभाग के निर्देशानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
2. निविदा शर्तो की पालना करनी होगी एवं निविदा के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होगें।
3. अंतिम निर्णय का अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
4. विभागीय स्वीकृति के अनुसार कार्मिको की संख्या कम या अधिक करने अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
5. निविदा प्रपत्र दिनांक 13.05.2022 से विक्रय किये जावेंगे।

चिकित्सा अधिकारी प्रभारी

कांग्रेस के चिंतन शिवर का मतलब गांधी परिवार से शुरू, गांधी परिवार पर ही खतम : डॉ. सतीश पूनिया

- 'सोनिया गांधी को अशोक गहलोत सरकार के कुशासन की हकीकत राजस्थान के लोगों से जाननी चाहिये'
- 'शिविर में सोनिया गांधी राजस्थान के किसानों की कर्जमाफी का वादा पूरा करने का अशोक गहलोत से ऐलान करवाएं''

जयपुर। कांग्रेस चिंतन शिविर में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिये बयानों पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने पलटवार कर कहा कि कांग्रेस के चिंतन शिविर में वही रटी-रटाई बातें जिनसे गांधी परिवार खुश होता है, और परिवारवाद इस कदर हावी है कि पूरी कांग्रेस गांधी परिवार के सामने नतमस्तक है, इससे आगे कांग्रेस की कोई सोच नहीं है, ना कोई विजन है, सिर्फ परिवारवाद की राजनीति के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस सिमट गई है।

परिवारवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार इत्यादि के कारण ही कांग्रेस पूरे देश से सिमट चुकी है, केवल राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बची है, इन दो राज्यों से भी आने वाले चुनावों में कांग्रेस मुक्त हो जायेगी। कांग्रेस के चिंतन शिवर में सोनिया गांधी कह रही है कि अल्पसंख्यकों तुष्टिकरण की राजनीति हो रही है, क्या सोनिया गांधी को यह पता नहीं है कि कांग्रेस सरकार के शासन में करौली, जोधपुर, भीलवाड़ा, भरतपुर और नोहर में हिंसा भड़की, कोटा में पीएफआई की रैली को इजाजत किसने दी, क्या सोनिया गांधी को प्रदेश में बहुसंख्यकों पर अत्याचार नहीं दिखते?

इन क्षेत्रों में हिंसा पीड़ितों से मिलने आज तक अशोक गहलोत नहीं गये, हिंसा करने वाले लोगों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, सरकार सिर्फ लीपापोती कर रही है, एक पक्ष के दोष को छुपाने के लिये दूसरे पक्ष के लोगों को फंसाया जा रहा है, ऐसा कांग्रेस तुष्टिकरण कर वोट बैंक के लिये कर रही है।

आजादी से लेकर 50-55 वर्षों तक अल्पसंख्यकों को कांग्रेस ने सिर्फ वोट बैंक तक ही सीमित रखा, इनके विकास व संबल के लिये अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पिछले 8 वर्षों से मोदी सरकार में कार्य हो रहे हैं। सोनिया गांधी को कांग्रेस के चिंतन शिविर से कोई संदेश देना है तो अशोक गहलोत को कहें कि किसान कर्जमाफी का वादा पूरा करें।

अशोक गहलोत को याद रखना चाहिये कि योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिये केन्द्र की मोदी सरकार जमीन पर कार्य कर रही है, वहीं आपने तो किसानों व युवाओं से वादाखिलाफी की है, तो आपके पास जनता को बताने के लिये कुछ है ही नहीं, और जनता 2023 में प्रदेश से कांग्रेस को हमेशा के लिये विदा करने को अभी से तैयार बैठी है।

जन अभियोग प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश जारी

बांसवाडा। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय पर प्राप्त होने वाले जन अभियोग प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में जारी निदेशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किये हैं। जिला कलक्टर प्रकाशचन्द्र शर्मा ने इस संबंध में जन अभियोग निराकरण विभाग के प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता द्वारा जारी इस आशय का पत्र समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों, समस्त उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं समस्त विकास अधिकारियों को भिजवाते हुए तत्संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
एफ-470, यू.सी.सी.आई. भवन के पास, मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र, मादड़ी, उदयपुर (राज.)
दूरभाष नं. 0294-2491269 ई-मेल: rorpcbudaipur@gmail.com

No.: RPCB/RO U/UDR/ दिनांक: 13.05.2022

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई निरस्तीकरण के लिए आम सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्री सिमरदीप सिंह द्वारा क्वार्टज एवं फैल्सपार खदान खनन पट्टा संख्या 17/2018 खनन क्षेत्रफल 4.0744, उत्पादन क्षमता 556355, 19/2018 खनन क्षेत्रफल 4.0120, उत्पादन क्षमता 199422, 23/2018 खनन क्षेत्रफल 4.0092 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 524794 टन प्रति वर्ष आर.ओ.एम. (कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 24.5419 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता 2058566 टन प्रति वर्ष आर.ओ.एम.), निकट ग्राम- बोडकी, तहसील- लसाडिया, जिला- उदयपुर से सम्बंधित क्लस्टर प्रस्तावित परियोजना बाबत पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई हेतु दिनांक 16.05.2022 (सोमवार) को दोपहर 12.00 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बोडकी में निर्धारित कि गई थी किन्तु कुछ अपरिहार्य कारणों के उक्त जनसुनवाई स्थगित कि गई है जो सूचनार्थ हेतु प्रकाशित है। कलस्टर के जनसुनवाई कि नवीन दिनांक की सूचना पुन: प्रकाशित की जायेगी।

क्षेत्रीय अधिकारी

प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी कमी आई

- राज्य में शुक्रवार को 70 नए संक्रमित मिले, इससे पहले 80 रोगी पाए गए थे
- राजधानी जयपुर में सर्वाधिक 49 नए मरीज पाए गए हैं
- पिछले चौबीस घंटों में 92 संक्रमितों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 616 रह गए है

जयपुर। प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण के मामलों में थोड़ी कमी आई है। इसके चलते राज्य में 70 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच 92 मरीजों के ठीक होने के साथ एक्टिव केस घटकर 616 रह गए हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को 12 जिलों में 70 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 80 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में थोड़ी वृद्धि के बाद 49 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा अलवर में 10, धौलपुर में 6, जोधपुर और चूरू में 3-3, अजमेर और उदयपुर में 2-2 तथा बीकानेर, दौसा, गंगानगर, झालावाड़ और कोटा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच 21 जिलों बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनूं, करौली, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में शुक्रवार को रिकवरी में सुधार हुआ है। इस दौरान 92 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 616 रह गए हैं। हालाकि अभी सर्वाधिक 390 मामले राजधानी जयपुर में है। इसके अलावा धौलपुर में 100 मरीजों का इलाज चल रहा है। उधर प्रदेश में शुक्रवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालाकि अब तक इस बीमारी से राज्य में 9554 लोगों मृत्यु हो चुकी है।

जगतपुरा में 5 नए संक्रमित मिले

जयपुर में शुक्रवार को 24 स्थानों पर नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 5 नए मरीज जगतपुरा में पाए गए हैं। इसके अलावा जवाहर नगर में 4, गोपालपुरा, मानसरोवर, सोड़ाला और वैशाली नगर में 3-3 तथा बापू नगर, बरकत नगर, जौहरी बाजार, झोटवाड़ा, खातीपुरा, मालवीय नगर, मुरलीपुरा, पुरानी बस्ती, सांगानेर व शास्त्री नगर में 2-2 और अजमेर रोड, बगरू, सी-स्कीम, दुर्गापुरा, घाटगेट, एमडी रोड, टोंक रोड और विराट नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच जयपुर में 74 मरीज ठीक हुए हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: एसएसआई सुखेर, एनएच-8,उदयपुर, राजस्थान -313001, फोन: 0294-2513197, मोबाईल: 8875006670
ई-मेल: indsuk@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **मैसर्स लुथरा एक्सपोर्ट्स, प्रोपराईटर श्री जितेन्द्र लुथरा पुत्र श्री रोशन लाल** एवं जमानतदार **श्री जिनेन्द्र एरोन पुत्र श्री बनारसी दास** पर मांग सूचना दिनांक **14.06.2018** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 11.06.2018 को बकाया राशि रू. 35,37,932.60 (रूपये पैंतीस लाख सैंतीस हजार नौ सौ बतीस एवं पैसे साठ मात्र) दिनांक 01.06.2018 से ब्याज एवं अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 10, माह मई, वर्ष 2022** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 10.05.2022 को बकाया राशि रू. 52,80,840.94 (रूपये बावन लाख अस्सी हजार आठ सौ चालीस एवं पैसे चौरानवे मात्र) दिनांक 08.05.2022 तक ब्याज शामिल करते हुए एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, एसएसआई सुखेर शाखा, एनएच-8, उदयपुर, राजस्थान-313001** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री जितेन्द्र लुथरा पुत्र श्री रोशन लाल के नाम साम्यिक बंधक औद्योगिक प्लॉट जो जी-1-406, औद्योगिक क्षेत्र भामाशाह, कलड़वास, जिला-उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्ग मीटर है। **सीमाएं**-पूर्व: 18 मीटर रोड़, पश्चिम: प्लॉट नं. जी1-411, उत्तर: प्लॉट नं. जी1-405, दक्षिण: प्लॉट नं. जी1-407

हस्ता.
स्थान: उदयपुर प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 10.05.2022 बैंक ऑफ बड़ौदा

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, बड़ीसादड़ी

फोन नं. 01473-264243 ईमेल- Kums.barisad@rajasthan.gov.in

क्रमांक:कृ.उ.म.स./निविदा/2022-23/39-46 दिनांक:- 06.05.2022

खुली निविदा सूचना 2022-23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस मण्डी समिति में वित्तीय वर्ष 2022-23 की शेष अवधि के लिए निम्नांकित कार्यो/ व्यवस्थाओं हेतु तालिका के क्र.सं.1 से 07 तक के लिए मोहरबन्द तथा क्र.सं.8 के लिए खुली बोली द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते एवं अन्य विवरण वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** तथा विभागीय वेबसाईट **http://agriculture.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	कार्य/व्यवस्था का विवरण	अनुमानित लागत (लाखों रू.)	बयाना राशि (रू.)	निविदा शुल्क	निविदा प्रपत्र बेचने की अन्तिम दिनांक व समय	निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की दिनांक एंव समय	प्राप्त निविदाएं खोलने की दिनांक एवं समय
1	चौकीदारी व्यवस्था	9.00	18000/-	500/-	16.05.2022 05.00 पी.एम.	17.05.2022 दोपहर 1.00 बजे	17.05.2022 दोपहर 2.00 बजे
2	सफाई व्यवस्था	2.00	4000/-	200/-			
3	जल (प्याऊ) व्यवस्था	5.00	10000/-	200/-			
4	कम्प्यूटर मय ऑपरेटर व्यवस्था	3.00	6000/-	200/-			
5	ई नाम परियोजना कम्प्युटर	3.00	6000/-	200/-			
6	प्रकाश व्यवस्था	1.00	2000/-	200/-			
7	समर्थन मूल्य खरीद केन्द्र पर छाया, पानी, प्रकाश व्यवस्था	2.00	4000/-	100/-			
8	कियोस्क संचालन मुल्य मण्डी	0.30	10000/-	100/-	16.05.2022 05.00 पी.एम.	17.05.2022 दोपहर 1.00 बजे	17.05.2022 दोपहर 3.00 बजे

1. इच्छुक निविदादाता निविदा पत्र एवं शर्तो का नि:शुल्क अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कर सकेगें।
2. इच्छुक निविदादाता द्वारा उपर्युक्त तालिका में वर्णित बयाना/धरोहर राशि/शपथ-पत्र निर्धारित निविदा प्रपत्र के साथ जमा कराने पर ही निविदा में भाग ले सकेगें।
3. निविदा विक्रय एवं प्राप्त करने की दिनांक को अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को विक्रय एवं प्राप्त की जा सकेगी।
4. तालिका के क्रम संख्या 01 से 07 के लिए दर प्रतिव्यक्ति/प्रतिमाह, तथा क्र.सं.08 के लिए खुली बोली से निलामी की जावेगी। प्रस्तुत दरों में कॉट/